an>

Title: Need to send a central team to assess the damage to life and property caused by excess rain and cloud bursts in Tehri Garhwal Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड की ओर दिलाना चाहती हूं। उत्तराखण्ड के विभिन्न जिले लगातार बारिश से बेहाल हैं। विशेषकर बारिश के समय बादल फटने की घटनाओं के कारण कई लोगों की मौतें हुई हैं तथा बड़ी संख्या में पशुधन का नुकसान उठाना पड़ा है। बारिश के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई या बह गई हैं। टिहरी के नरेन्द्रनगर ब्लॉक तथा घनसाली में बादल फटने से कई लोगों की मृत्यु हुई है साथ ही गाय, भैंस तथा बकरियां दबकर मर गई हैं, मकान मिट्टी में दब गये हैं। इसी प्रकार उत्तरकाशी जिले में बादल फटने से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश सरकार की मदद लोगों तक नहीं पहुंची है। प्राकृतिक आपदा के कारण लोगों में भय बना हुआ है तथा अपने घरें को छोड़कर अन्य जगहों पर आशूय लिए हुए हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के सर्वे के लिए केन्द्रीय दल भेजा जाए तथा पीड़ित लोगों को तत्काल सहायता पहुंचाई जाए।